<u>समाचार</u>

# डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण के साथ वैक्सीनेशन हेतु आग्रह भी

## (स्वच्छता दीदियॉ घर–घर पहुंचकर ले रही वैक्सीनेशन की जानकारी, वैक्सीन लगवाने हेतु कर रही प्रेरित)



कोरबा 27 जून 2021 –डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य में संलग्न स्वच्छता दीदियॉ अपशिष्ट संग्रहण के साथ–साथ घर–घर पहुंचकर घर के सदस्यों के वैक्सीनेशन की जानकारी ले रही हैं तथा यदि घर के किसी सदस्य ने अभी तक वैक्सीन नहीं लगवाया है तो उनसे वैक्सीन लगवाने का आग्रह भी कर रही हैं। स्वच्छता दीदियों द्वारा किए जा रहे इस अभिनव प्रयास से लोगों को वैक्सीन लगवाने की प्रेरणा मिल रही है तथा वे वैक्सीन लगवाने हेतु केन्द्रों में पहुंच रहे है।

कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के सभी 08 जोन के अंतर्गत स्थित 34 स्थाई टीकाकरण केन्द्रों तथा 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को कोविड वैक्सीन लगाए जाने का कार्य एक महाअभियान के रूप में किया जा रहा है। आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा द्वारा वैक्सीनेशन हेतु लोगों को प्रेरित करने की दिशा में उठाए गए अन्य कदमों के साथ–साथ डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदियों के माध्यम से लोगों तक वैक्सीनेशन का

संदेश पहुंचाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। स्वच्छता दीदियॉं घर—घर पहुंच रही हैं तथा परिवार में सदस्यों की संख्या, उनके नाम, उम्र तथा परिवार के किन सदस्यों ने वैक्सीन लगवाई और कौन से सदस्य अभी शेष है, आदि की जानकारी लेते हुए उनसे अनिवार्य रूप से वैक्सीन लगवाने का आग्रह करने के साथ—साथ उन्हें नजदीकी वैक्सीनेशन सेंटर की जानकारी दे रही हैं। स्वच्छता दीदियों के इस अभिनव प्रयास से लोगों को वैक्सीन लगवाने की प्रेरणा मिल रही है तथा वे अपने नजदीकी वैक्सीनेशन सेंटरों में पहुंचकर वैक्सीन लगवा रहे हैं।